## एक नजर में

### एआई टूल्स के साथ वीवो वाय51 प्रो 5जी हुआ लॉन्च

इंदौर. वीवो इंडिया ने आज अपने वाय सीरीज़ में नया स्मार्टफोन वीवो वाय51 प्रो 5जी लॉन्च किया. नया वाय51 प्रो उन यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो स्मूथ और भरोसेमंद परफॉर्मेंस के साथ इमर्सिव एंटरटेनमेंट चाहते हैं.फोन में बड़ी 7200 एमएएच बैटरी दी गई है और यह मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट से पावर्ड है. इसमें बेहतर मजबूती के लिए आईपी68 और आईपी69 रेटिंग दी गई है और 50 एमपी एचडी वाइड-एंगल मेन कैमरा के साथ 4के वीडियो रिकॉर्डिंग का सपोर्ट भी मिलता है।वीवो इंडिया के चीफ कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस ऑफिसर गीताज चन्नाना ने कहा, वीवो में हमारा मानना है कि इनोवेशन ऐसा होना चाहिए जो यूज़र्स के रोजमर्रा के जीवन और काम करने के तरीके को सही मायने में सपोर्ट करे. वाय51 प्रो 5जा को उन यूज़र्स को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है जो पूरे दिन प्रोडक्टिव, कनेक्टेड और एंटरटेंड रहने के लिए अपने स्मार्टफोन पर भरोसा करते हैं.

### अमेज़न ने दो हजार करोड़ से अधिक का वित्तीय लाभ उपलब्ध कराया

इंदौर. अमेजन बिजनेस ने आज बताया कि 2025 में उसने पूरे भारत के व्यवसायों को 2,000 करोड़ से अधिक का वित्तीय मूल्य हासिल करने में मदद की. माइक्रो-एंटरप्राइज और एसएमबी से लेकर बड़े कॉरपोरेशन्स तक, सभी प्रकार की संस्थाओं को अमेजन बिजनेस पर कैशबैक रिवॉर्ड्स, बल्क डिस्काउंट्स और एक्सक्लूसिव डील्स के जरिए फायदा मिला. इस मूल्य का एक बड़ा हिस्सा अमेजन बिजनेस पर मिलने वाली सीमलेस जीएसटी-कम्प्लायंट इनवॉइसिंग से भी आया है, जिसने बिजनेस प्रोक्योरमेंट में लंबे समय से जरूरी पारदर्शिता लाई है.अमेजन बिजनेस के डायरेक्टर मित्रंजन भदुरी ने कहा हर संगठन, चाहे वह किसी दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्र का एक स्पेशलिटी रेस्टोरेंट हो या एक फॉर्च्यून 500 एंटरप्राइज जो हर दिन हजारों परचेज ऑर्डर्स मैनेज करता है, सभी के सामने एक ही जरूरत होती है : कम संसाधनों में अधिक काम करना. अमेजन बिजनेस इस अंतर को कम करता है.

### फ्लिपकार्ट से महिला दिवस पर खरीददारी में 5% सालाना वृद्धि

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस से पहले 23 फरवरी से 8 मार्च के बीच फ्लिपकार्ट के फ्लिप ट्रेंड्स में सामने आया कि यह जश्न केवल शुभकामनाओं और संदेशों तक सीमित नहीं था, बल्कि इस अवधि में खरीददारी भी बढ़ी और प्लेटफॉर्म पर मांग में 5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई. मोबाईल, ग्रूमिंग, फूड एवं न्यूट्रिशन जैसी श्रेणियों में मांग तेजी से बढ़ी, जिससे प्रदर्शित होता है कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस अब केवल एक दिन नहीं मनाया जाता है, बल्कि यह पहचान और खुद में निवेश का कई दिनों तक चलने वाला उत्सव बन गया है. लोकप्रिय प्रोडक्ट्स के ऑर्डर साल-दर-साल 37 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं और सर्च में 12 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है. इस दौरान खरीददारी में सबसे ज्यादा दिलचस्पी जेन ज़ी ने दिखाई, जिनकी सबसे अधिक रुचि फैशन और लाईफस्टाईल श्रेणियों पर रही, जिसमें साल-दर-साल 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई. फ्लिपकार्ट मिनट्स ने 23 फरवरी से 8 मार्च के बीच काफी अधिक मांग दर्ज की.

### लेवीस के अभियान की आलिया भट्ट के साथ नई शुरुआत

इंदौर. लेवीस ब्रांड अपने 2026 के वैश्विक अभियान बिहाइंड एवरी ओरिजनल' को भारत में लेकर आया है, जिसमें ग्लोबल ब्रांड एंबेसडर आलिया भट्ट मुख्य भूमिका में नज़र आ रही हैं. लेवी स्ट्रॉस कंपनी में साउथ एशिया, मिडिल ईस्ट और अफ्रीका के मैनेजिंग डायरेक्टर, हिरेन गोर ने कहा 150 से अधिक वर्षों से लेविस को उन लोगों ने पहना है जो संस्कृति को आगे बढ़ाते हैं. बिहाइंड एवरी ओरिजनल अभियान उसी गति के केंद्र में बने रहने की हमारी प्रतिबद्धता को और मज़बूत करता है. आलिया भट्ट नई पीढ़ी के 'ओरिजिनल्स' का प्रतिनिधित्व करती हैं—वे आत्मविश्वासी हैं, खुद को परिभाषित करती हैं और बिना किसी संकोच के अपनी असलियत को जीती हैं. यही खूबी उन्हें आज की संस्कृति को आकार देने वाली महिलाओं के लिए एक सशक्त आवाज़ बनाती है. यह अभियान सिर्फ स्टाइल के बारे में नहीं है—यह व्यक्तिगत पहचान का जश्न मनाने और एक नए युग के लिए लेविस को एक प्रमुख डेनिम लाइफस्टाइल ब्रांड के रूप में स्थापित करने के बारे में है.

### रसना ने नया उत्पाद न्यूट्री+ लांच किया

इंदौर. भारत के लोकप्रिय पेय ब्रांड रसना ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अपना नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ लॉन्च किया है. यह पोषण से भरपूर पाउडर कॉन्सन्ट्रेट ड्रिंक है, जिसे रसना की रिसर्च एंड डेवलपमेंट टीम ने खासतौर पर आधुनिक भारतीय परिवारों की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया है. रसना के ग्रुप चेयरमैन पिरुज खंबाटा ने कहा कि आज के समय में ग्राहक स्वाद और सेहत के बीच किसी एक को चुनना नहीं चाहते और रसना का नया उत्पाद रसना न्यूट्री+ इन दोनों के बीच संतुलन बनाने का काम करता है. उन्होंने बताया कि उन्हें इस बात पर गर्व है कि रसना आज भी मेक इन इंडिया की सोच को आगे बढ़ाने वाला ब्रांड है. कंपनी अपने उत्पादों में केवल भारत में उगाए गए फलों का उपयोग करती है. जहां कई कंपनियां अपने उत्पादों के लिए सामग्री विदेशों से मंगाती हैं, वहीं रसना पूरी तरह भारतीय ब्रांड है और गर्व के साथ अपने उत्पादों को दुनिया के 60 से अधिक देशों में निर्यात करता है.

### अप्रावा एनर्जी की एम्पावरिंग चैंपियंस ऑफ चेंज पहल

इंदौर. अप्रावा एनर्जी ने सीआईआई फाउंडेशन और सीआईआई सेंटर फॉर वीमेन लीडरशिप (सीडब्ल्यूएल) के साथ मिलकर अपने 'एम्पावरिंग चैंपियंस ऑफ चेंज' प्रोग्राम के तहत मध्य प्रदेश की 15 अग्रणी महिलाओं की पहचान की है. इस पहल के माध्यम से इन महिलाओं को लीडरशिप ट्रेनिंग दी जाएगी, जिससे उनकी क्षमता बढ़ेगी और वे सामाजिक-आर्थिक असमानता को दूर करने के लक्ष्य के साथ जिला स्तर की पहलों का नेतृत्व करने में सक्षम होंगी. कुल मिलाकर इसका उद्देश्य पूरे राज्य में हाशिए पर जी रहे समुदायों के 15,000 से ज्यादा लोगों पर सकारात्मक प्रभाव डालना है. इस पहल को लेकर अप्रावा एनर्जी की चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर दीपा सेबेस्टियन ने कहा जमीनी स्तर पर कार्यरत ये महिलाएं समावेशी विकास की शक्तिशाली वाहक हैं. अप्रावा को मध्य प्रदेश में नेतृत्व क्षमता बढ़ाते हुए और स्थानीय चुनौतियों के लिए समुदाय आधारित समाधान उपलब्ध कराते हुए इन महिलाओं का समर्थन करने और इन्हें मजबूत बनाने का गर्व है.

# गैस सिलेंडर को लेकर लोग हो रहे परेशान

- कई एजेंसी पर ऑनलाइन बुकिंग नहीं
- सिलेंडर के लिए एजेंसियों पर लंबी कतारें





नवभारत न्यूज़

**इंदौर. शहर में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर को लेकर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. कई गैस एजेंसियों पर ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से उपभोक्ताओं में पैनिक की स्थिति बन गई है. जहां 25 दिन बाद ऑनलाइन बुकिंग ही होना है. ऑनलाइन बुकिंग नहीं हो पा रही है.**

ऑनलाइन बुकिंग बंद होने के कारण बड़ी संख्या में लोग सीधे गैस एजेंसियों पर पहुंचकर अपनी खाली टंकियां लेकर सिलेंडर बुक कराने की कोशिश कर रहे हैं. इसके चलते शहर की कई गैस एजेंसियों पर सुबह से ही लंबी कतारें लग रही हैं. स्थिति यह है कि लोग अपने कामकाज और ऑफिस जाने के बजाय दो से तीन घंटे तक लाइन में खड़े होकर गैस सिलेंडर लेने का इंतजार कर रहे हैं. शहर के बाणगंगा रामबाग क्षेत्र सहित कई इलाकों की गैस एजेंसियों पर यही हालात देखने को मिल रहे हैं. उपभोक्ताओं का कहना है कि ऑनलाइन बुकिंग बंद होने से उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है और मजबूरन एजेंसियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं.

#### आपूर्ति के लिए आश्यक कदम उठा रहे

इस पूरे मामले को लेकर प्रशासन भी सतर्क हो गया है. खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा गैस एजेंसियों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और अनियमितताओं की शिकायतों पर छापेमारी भी की जा रही है. वहीं इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी तरह का पैनिक न करें. उन्होंने कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है और गैस आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं.



# एजेंसी संचालक कंपनियों की शिकायत करने पहुंचे

- कलेक्टर से ओटीपी और केवाईसी में छूट देने की मांग

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** आज शहर के सभी गैस एजेंसी संचालक कलेक्टर को गैस कंपनियों की शिकायत करने पहुंचे. इस दौरान उन्होंने वर्तमान समय में आपदा के चलते ओटीपी और केवाईसी जैसे बिंदुओं पर छूट देने की मांग की.

आज सुबह शहर के गैस एजेंसी संचालक कलेक्टर शिवम वर्मा के पास गैस कंपनियों की शिकायत लेकर पहुंचे थे. संचालकों ने कलेक्टर को बताया कि गैस कंपनियों ने बुकिंग बंद कर दी है और ऑनलाइन बुकिंग साफ्टवेयर ज्यादा बुकिंग के कारण हैक हो गए है. उपभोक्ताओं को ओटीपी नहीं मिल रहे है. वहीं केवाईसी भी 70% उपभोक्ताओं का हो गया है और शेष 25- 30 प्रतिशत उपभोक्ता वृद्ध है,या बीमारी के कारण अथवा अन्य कारण से आ नहीं सकते है. उनको गैस सप्लाई नहीं हो पा रही है. ऐसे मामलों में कंपनियों द्वारा सहयोग नहीं किया जा रहा है और उपभोक्ता परेशान हो रहे है.

# खाद्य विभाग का अवैध गैस गोदाम पर छापा

- 66 सिलेंडर, बुलेट मोटर साइकिल व उपकरण जब्त



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में खाद्य विभाग ने आज घरेलू गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण पर कार्रवाई कर गोदाम पर छापा मारा. इस दौरान मौके से 66 गैस सिलेंडर, गैस रिफिलिंग इलेक्ट्रिक मोटर और तौल कांटे जब्त किए गए. साथ ही सिलेंडर के परिवहन में उपयोग की जा रही मोटर साइकिल भी जब्त करके गोदाम सील किया गया.**

शहर में गैस सिलेंडरों के अवैध भंडारण, दुरुपयोग और कालाबाजारी के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा मुहिम चलाई जा रही है. इसी कड़ी में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की टीम ने आज न्यू लोहा मंडी अवैध गैस गोदाम पर छापामार कार्रवाई की गई. गैस का अवैध गोदाम हरिओम गुप्ता नामके व्यक्ति का बयाया गया है. गोदाम से 66 गैस सिलेंडर जब्त किए. छापे में मौके पर 24 व्यावसायिक और 42 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए गए. इसके अलावा गैस रिफिलिंग में प्रयुक्त तीन इलेक्ट्रिक मोटर तथा दो तौल कांटे भी मौके से जब्त किए गए. गैस सिलेंडरों को लाने-ले जाने और रिफिलिंग के कार्य में बुलेट मोटरसाइकिल का उपयोग किया जा रहा था, उक्त मोटर साइकिल को भी जब्त करने की कार्रवाई की गई है.

# चिड़ियाघर में शेरनी मेघा ने तीन शावकों को दिया जन्म

*बढ़ा शेर का कुनबा*



नवभारत न्यूज़

**इंदौर. कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय से एक सुखद खबर सामने आई है. शेरनी मेघा ने तीन शावकों को जन्म दिया है. चिड़ियाघर प्रशासन के अनुसार तीनों नन्हे मेहमान पूरी तरह स्वस्थ हैं और इन दिनों अपनी मां के साथ खेलते-कूदते नजर आ रहे हैं.**


चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि मेघा ने अपने परिवार को बढ़ाते हुए तीन बच्चों को जन्म दिया है. यह चिड़ियाघर के लिए गर्व और खुशी का विषय है. उन्होंने कहा कि इंदौर चिड़ियाघर का वातावरण वन्यजीवों के लिए अनुकूल है, जिसके कारण यहां शेर-शेरनियां स्वस्थ जीवन जीते हुए अपने परिवार का विस्तार कर पा रहे हैं. डॉ. यादव के अनुसार इस चिड़ियाघर में अब तक शेर-शेरनियों के 13 से अधिक शावकों का जन्म हो चुका है. यह उपलब्धि चिड़ियाघर की देखभाल और बेहतर प्रबंधन को दर्शाती है. उन्होंने बताया कि तीनों शावक फिलहाल पूरी तरह सुरक्षित हैं और पशु चिकित्सकों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है.

#### आने वाले दिनों में होगा नामकरण

शेरनी मेघा और शेर आकाश भी स्वस्थ हैं और अपने बच्चों के साथ आराम से समय बिता रहे हैं. चिड़ियाघर प्रशासन ने बताया कि आने वाले दिनों में इन तीनों शावकों का नामकरण किया जाएगा. साथ ही भविष्य में एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत इन शावकों के माध्यम से अन्य चिड़ियाघरों से नए वन्य प्राणी भी लाए जा सकते हैं. इन नन्हे शावकों के आगमन से चिड़ियाघर में उत्साह का माहौल है और दर्शकों के लिए भी यह आकर्षण का नया केंद्र बनने वाला है.




### चोइथराम मेडिक्लेम पेशेंट एडवांटेज के साथ अब मिलेंगे इन्शुरेंस पर एक्स्ट्रा फायदे




**इंदौर.** इंदौर के साथ साथ पूरे मध्यप्रदेश में अपनी सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा सुविधाओं, अनुभवी विशेषज्ञों तथा विश्वस्तरीय तकनीक से इलाज के लिए खास पहचान रखता है चोइथराम हॉस्पिटल तथा रिसर्च सेंटर. प्रदेश की सबसे अनुभवी सर्जरी टीम के साथ सेवाओं के लिए तत्पर यह संस्थान एक और खास सुविधा प्रदान कर रहा है. चोइथराम मेडिक्लेम पेशेंट एडवांटेज नामक इस सुविधा के अंतर्गत मरीज अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी का एक्स्ट्रा लाभ ले सकता है. इसमें शामिल हैं- फ्री एक्सपर्ट काउंसिलिंग, खर्च की रिकवरी, फास्टट्रैक प्रोसेस और 50 हजार से अधिक के क्लेम पर 5 प्रतिशत तक का अतिरिक्त फायदा. मतलब सर्वोत्तम इलाज, त्वरित प्रक्रिया और आर्थिक लाभ सब एक साथ. अस्पताल के मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर सुनील चांदीवाल, बताते हैं- 1979 में प्रदेश को पहला सुपर स्पेशियलिटी सेंटर देने वाले हमारे संस्थान ने हमेशा मरीजों के हितों और सेवा की भावना को प्राथमिकता दी है. 1983 में जब देश के कई बड़े हॉस्पिटल्स तक में बाईपास सर्जरी के लिए सुविधाएं मौजूद नहीं थीं, तब चोइथराम ने सफलतापूर्वक इस सर्जरी को पूरा किया और मरीजों को नया जीवन दिया. अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सफल इलाज करवाना हमारा पहला प्रयास होता है. यही कारण है कि केवल प्रदेश और देश के ही नहीं, विदेश के मरीजों की भी जटिलतम सर्जरी सफलतापूर्वक करने वाली चोइथराम के विशेषज्ञों टीम केवल 2025 में ही दस हजार से अधिक सफल सर्जरीज का रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है. इनमें जनरल सर्जरी से लेकर बर्न कॉस्मेटिक सर्जरी, हार्ट सर्जरी, ईएनटी सर्जरी आदि शामिल हैं. इसमें से कई सर्जरीज तो ऐसी थीं जिनके लिए विशेषतौर पर विदेश के मरीजों को यहां रेफर किया गया था और मरीज स्वस्थ होकर वापस अपने देश लौटे. हमारे यहां 8 ऑपरेशन थियेटर और 100 प्रशिक्षित स्टाफ के अलावा स्पेशलाइज्ड केयर टीम भी है जो मरीजों को पूरे समय विशेष देखभाल देने में सक्षम है.

